प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस
शासकीय हमीदिया महाविद्यालय, भोपाल म.प्र.
Website : https://govhamidiacollege.com/ Ph.-Fax No. 0755-2660447,2660081 Email – heghaaccbho@mp.gov.in

क्रमांक / 2472 / शा.ह.म. / 2024 भोपाल, दिनांक 26-11-24

# खुली निविदा

## ( कम्प्यूटर, इन्टरनेट, वाई–फाई सेवायें, यू.पी.एस., स्कैनर, लेजर प्रिंटर, सीसीटीवी कैमरा, नेटवर्क शेयरिंग वर्क आदि के वार्षिक रख–रखाव (ए.एम.सी.) कार्य हेतु खुली निविदा)

महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति द्वारा महाविद्यालय में उपयोग में लाये जा रहे कम्प्यूटर की–बोर्ड माउस सहित, लेजर प्रिंटर्स, स्केनर, इन्टरनेट,वायरलेस राउटर्स, इंटरनेट एवं वाई–फाई सेवायें, प्रोजेक्टर, सीसीटीवी कैमरा, नेटवर्क शेयरिंग वर्क आदि के वार्षिक रख–रखाव (ए.एम.सी.) कार्य हेतु अनुभव रखने वाले व्यवसायी / व्यक्तियों से मोहर बन्द निविदा प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते हैं। यह ए.एम.सी. प्रस्ताव एक वर्ष के लिए होगा। कार्य संतोषजनक होने पर इस (ए.एम.सी.) अनुबंध को 1 वर्ष के लिए और बढ़ाया जा सकेगा।

ए.एम.सी. योजना के लिये आवेदन पत्र तथा शर्तों आदि का विस्तृत विवरण महाविद्यालय की वेबसाइट https://govhamidiacollege.com पर उपलब्ध है। आवेदन पत्र निर्धारित शर्तों एवं प्रक्रिया का पालन करते हुये निविदा आवेदन के मोहरबंद प्रस्ताव महाविद्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि निविदा सूचना के प्रकाशन की तिथि से 21 कार्यदिवस (कार्यालयीन समय में शाम 05:00 बजे तक) रहेगी। मोहरबंद निविदा प्रस्ताव के लिफाफे के ऊपर कम्प्यूटर रख–रखाव (ए.एम.सी.) कार्य के लिये निविदा 2024 अवश्य लिखें। विलंब से प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

26.11.24

(डॉ. पुष्पलता चौकसे)
प्राचार्य व सचिव
शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, भोपाल

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस
शासकीय हमीदिया महाविद्यालय, भोपाल म.प्र.
Website : https://govhamidiacollege.com/ Ph.-Fax No. 0755-2660447,2660081 Email – heghaaccbho@mp.gov.in

क्रमांक /2472/शा.ह.म. / 2024 भोपाल, दिनांक 26/11/24

**जनभागीदारी समिति**
**(पंजीयन क्रमांक भो.हो.सं / 4867 / 97 दिनांक 11.06.1997)**

**कम्प्यूटर, इन्टरनेट, वाई–फाई सेवायें, यू.पी.एस., स्केनर, लेजर प्रिंटर, सीसीटीवी कैमरा आदि के वार्षिक रख–रखाव (ए.एम.सी.) कार्य हेतु निविदा से संबंधित नियम एवं शर्तेः–**

**महाविद्यालय में जिन कम्प्यूटर्स, लेजर प्रिन्टर्स, स्केनर्स, इन्टरनेट वायफाई सेवायें, आदि का वार्षिक रख रखाव जनभागीदारी समिति के द्वारा कराया जाना है उनकी संख्या निम्नानुसार हैः–**

| | |
|---|---|
| **कम्प्यूटर सीपीयू, की–बोर्ड , माउस सहित** | **– 170** |
| **लेजर प्रिन्टर** | **– 24** |
| **स्कैनर** | **– 03** |
| **वायरलेस राऊटर्स** | **– 04** |
| **इन्टरनेट वाईफाई सेवायें** | **– 15** |
| **प्रोजेक्टर** | **– 03** |
| **सीसीटीवी कैमरा** | **– 25** |
| **नेटवर्क शेयरिंग वर्क** | **–** |

**निविदा से संबंधित नियम, शर्तें और आवश्यक सूचनाएं निम्नानुसार हैं:–**

1. निविदा आवेदन पत्र का आवेदन शुल्क 500/– निर्धारित है। महाविद्यालय में उपस्थित होकर 500/– रूपये का आवेदन शुल्क एटीएम कार्ड द्वारा पीओएस मशीन पर स्वाईप कर प्रदाय की गई रसीद के आधार पर महाविद्यालय कार्यालय से प्राप्त किया जा सकेगा।
2. निविदा आवेदन पत्र के साथ धरोहर राशि 10,000/– रूपये का बैंक ड्राफ्ट वास्ते प्राचार्य/सचिव, जनभागीदारी समिति, शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय भोपाल के नाम पर जमा करना अनिवार्य है। जो ए.एम.सी. एजेंसी के रूप में नियुक्ति न होने की स्थिति में वापसी योग्य होगा। धरोहर राशि का बैंक ड्राफ्ट संलग्न न करने पर निविदा आवेदन अमान्य कर दिया जायेगा
3. निविदा प्रस्ताव महाविद्यालय कार्यालय में प्राप्त करने की अंतिम तिथि निविदा सूचना के प्रकाशन की तिथि से 21 कार्यदिवस (कार्यालयीन समय में) रहेगी।
4. अंतिम तिथी तक प्राप्त निविदायें 02 दिवस पश्चात (रविवार व सार्वजनिक अवकाश छोड़कर) दोपहर 02:00 बजे महाविद्यालय के रूसा सभागार में क्रय समिति के द्वारा खोली जायेंगी। इसमें निविदादाता/प्रतिनिधि उपस्थित हो सकते हैं।
5. निविदा स्वीकृत होने पर शिकायत दर्ज कराने के दो घंटे के भीतर (कार्यालयीन समय में) अपनी उपस्थिति देनी होगी। 24 घंटे के भीतर उपकरण ठीक को जाना सुनिश्चित करना होगा। दो घण्टे में सेवा देने में असफल होने पर यदि महाविद्यालय द्वारा बाजार से कार्य कराया जाता है तो सम्पूर्ण व्यय सेवादाता को वहन करना होगा। ऑनलाईन प्रवेश और परीक्षा फार्म भरते समय आपको कार्य में तत्परता दिखाते हुये उपकरणों को तत्काल ठीक करना सुनिश्चित करना होगा।
6. निविदा स्वीकृत होने पर ए.एम.सी. का भुगतान त्रैमासिक आधार पर किया जायेगा। प्रथम किश्त का भुगतान अनुबंध के तीन माह बाद किया जायेगा। किसी प्रकार की अग्रिम राशि का भुगतान नहीं किया जायेगा। प्रति तीन माह बाद कुल अनुबंध राशि का 25 प्रतिशत भुगतान किया जायेगा।
7. निविदा स्वीकृत होने पर फोटो कॉपियर, प्रिंटर्स व अन्य उपकरणों में लगने वाला सामान यथा इंक/कार्टिएज अतिआवश्यक हो जाने पर महाविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराई जायेगी अथवा यह सामग्री आपको बाजार से प्रतियोगी मूल्य पर लाना होगा जिसका भुगतान जनभागीदारी समिति द्वारा आपको किया जायेगा परंतु इसे भरने अथवा लगाने हेतु पृथक से किसी राशि का भुगतान नहीं किया जायेगा। किसी भी स्थिति/प्रकरण में मार्ग व्यय का भुगतान महाविद्यालय द्वारा नहीं किया जायेगा।

8. निविदा स्वीकृत होने पर प्राचार्य द्वारा गठित प्राध्यापकों के एक पैनल द्वारा आपके कार्य की सावधिक समीक्षा की जायेगी।
9. निविदा स्वीकृत होने पर महाविद्यालय में सेवादाता फर्म द्वारा जो भी कार्य विभिन्न विभागों में किया जायेगा, उसका संबंधित विभाग और कार्यालय के अधिकारी/कर्मचारी से प्रमाणीकरण करवाना अनिवार्य है। इसके बाद ही देयक की राशि का आपको भुगतान किया जा सकेगा। देयक प्रतिमाह आधार पर प्रस्तुत करना होगा। विलंब की स्थिति में सम्पूर्ण जिम्मेदारी सेवाप्रदाता की होगी।
10. किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में अथवा अनुबंध की किसी शर्त का उल्लघन करने पर प्राचार्य का निर्णय अंतिम व मान्य होगा।

26.11.24

(डॉ. पुष्पलता चौकसे)
प्राचार्य/सचिव

प्राचार्य
शासकीय हमीदिया कला एवं
वाणिज्य महाविद्यालय, भोपाल

# प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस

# शासकीय हमीदिया महाविद्यालय, भोपाल म.प्र.

**Website : https://govhamidiacollege.com, Ph.-Fax No. : 0755-2660447, 2660081, Email : heghaaccbho@mp.gov.in**

**क्रमांक/2472/शा.ह.म./2024** **भोपाल, दिनांक : 26.11.2024**

## खुली निविदा

**(कम्प्यूटर, इन्टरनेट, वाई-फाई सेवायें, यू.पी.एस., स्केनर, लेजर प्रिंटर, सीसीटीवी कैमरा, नेटवर्क शेयरिंग वर्क आदि के वार्षिक रख-रखाव (ए.एम.सी.) कार्य हेतु खुली निविदा)**

महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति द्वारा महाविद्यालय में उपयोग में लाये जा रहे कम्प्यूटर की-बोर्ड माउस सहित, लेजर प्रिंटर्स, स्केनर, इन्टरनेट, वायरलेस राउटर्स, इंटरनेट एवं वाई-फाई सेवायें, प्रोजेक्टर, सीसीटीवी कैमरा, नेटवर्क शेयरिंग वर्क आदि के वार्षिक रख-रखाव (ए.एम.सी.) कार्य हेतु अनुभव रखने वाले व्यवसायी/व्यक्तियों से मोहरबंद निविदा प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते हैं। यह ए.एम.सी. प्रस्ताव एक वर्ष के लिए होगा। कार्य संतोषजनक होने पर इस (ए.एम.सी.) अनुबंध को 1 वर्ष के लिए और बढ़ाया जा सकेगा। ए.एम.सी. योजना के लिये आवेदन पत्र तथा शर्तों आदि का विस्तृत विवरण महाविद्यालय की वेबसाइट **https://govhamidiacollege.com** पर उपलब्ध है। आवेदन पपत्र निर्धारित शर्तों एवं प्रक्रिया का पालन करते हुये निविदा आवेदन के मोहरबंद प्रस्ताव महाविद्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि निविदा सूचना के प्रकाशन की तिथि से 21 कार्यदिवस (कार्यालयीन समय में शाम 05.00 बजे तक) रहेगी। मोहरबंद निविदा प्रस्ताव के लिफाफे के ऊपर कम्प्यूटर रख-रखाव (ए.एम.सी.) कार्य के लिये निविदा 2024 अवश्य लिखें। विलंब से प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

म.प्र. माध्यम/117543/2024 **प्राचार्य**